aglasem.com

FOR KARNATAKA CLASS 10 PREPARATION

Karnataka SSLC Model Question Paper 2027 for Hindi First Language (Paper 4)

EXAM	YEAR	TYPE	SUBJECT
Karnataka Class 10	2027	Sample Paper	Hindi

ಕರ್ನಾಟಕ ಶಾಲಾ ಪರೀಕ್ಷೆ ಮತ್ತು ಮೌಲ್ಯನಿರ್ಣಯ ಮಂಡಳಿ

6 ನೇ ಅಡ್ಡರಸ್ತೆ, ಮಲ್ಲೇಶ್ವರಂ, ಬೆಂಗಳೂರು-560003

KARNATAKA SCHOOL EXAMINATION AND ASSESSMENT BOARD

6th Cross, Malleshwaram, Bengaluru - 560003

2026-27 ನೇ ಸಾಲಿನ ಎಸ್. ಎಸ್. ಎಲ್. ಸಿ. ಮಾದರಿ ಪ್ರಶ್ನೆ ಪತ್ರಿಕೆ - 04

S.S.L.C. MODEL QUESTION PAPER – 04 - 2026-27

ವಿಷಯ: ಪ್ರಥಮ ಭಾಷೆ- ಹಿಂದಿ

Subject: First Language- HINDI

ಸಮಯ: **3** ಗಂಟೆ **15** ನಿಮಿಷಗಳು | ವಿಷಯ ಸಂಕೇತ: **06H**

ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು: **100** | **Subject Code : 06H**

परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएं:

1. **इस प्रश्नपत्र में कुल 45 प्रश्न हैं।**
2. **सभी प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें।**
3. **प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं।**
4. **प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर दिया गया है, जिसमें प्रश्न पत्र पढ़ने के 15 मिनट भी शामिल हैं।**

I. . निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार – चार विकल्प सुझाए गए हैं, उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर उसके संकेताक्षर सहित पूर्णरूप से लिखिए : **6 × 1 = 6**

1. ' अगला ' ' शब्द का विलोम रूप है –

A. सामने B. पिछला C. पीछे D. आगे ।

2. ' पंडित ' शब्द का स्त्री लिंग रूप है –

A. पांडित्य B. लेखिका C. पंडिताइन D. कवयित्री ।

3. ' अनेक' शब्द का एकवचन रूप है –

A. एक B. बहुत C. एकता D. अनगिनत ।

4. निम्नलिखित में से प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया रूप है –

A. मिटवाना B. मिटता C. मिटा D. मिटाना।

5. . निम्नलिखित में से उपसर्गयुक्त शब्द है –

A. बचपन B. कड़वाहट C. अगोचर D. मिठास ।

6. संभाजी छत्रपति शिवाजी __ पुत्र था । रिक्त स्थान के लिए उचित कारक प्रत्यय है –

A. के B. का C. की D. से ।

II. . निम्नलिखित प्रथम दो शब्दों के सूचित संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए । **4×1 = 4**

7. साधु ने तावीज बनाया : भूतकाल : : प्रजा हल्ला मचा रही है : ____

8. परमात्मा : दीर्घ संधि : : यज्ञोपवीत :____

9. राजमहल : तत्पुरुष समास : : पंचवटी :_____

10. मैंने रोटी खाई : विधिवाचक वाक्य : : तुम्हारा नाम क्या है ? :____।

III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक - एक वाक्य में लिखिए । **7 × 1 = 7**

11. हिंदुस्तान आकर मेजर डगलस ने क्या खरीदा था ? बताइए।

12. गांधीजी को दक्षिण अफ्रीका क्यों जाना पड़ा? कारण बताइए।

13. किसकी चप्पल की कील उखड़ी हुई थी ?

14. लोकगीतों के रचनाकार कौन हैं ?

15. कभी परदेस में हो तो, तब भी कवि इकबाल जी का दिल कहाँ होता है ?

16. कवि अज्ञेय जी उधार देने से क्यों डरते हैं ?

17. जीवन में सफलता प्राप्त करने का एकमात्र उपाय क्या है ?

IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो - तीन वाक्यों में लिखिए । **10×2=20**

18. गांधीजी की पढ़ाई के बारे में आप क्या जानते हैं ?

19. एच. जी. वेल्स ने घमंडी अभिनेत्री का सर कैसे झुकाया ?

20. लोकगीतों के भाषा और भाव के बारे में जानकारी दीजिए।

21. ट्रेन में बोरिस का व्यवहार कैसा था ?

22. मज़हब नहीं सिखाता आपस में बैर रखना। इस पंक्ति का अर्थ क्या है ?

23. सवेरे उठते ही प्रकृति कवि अज्ञेय जी को कैसे मोहित कर लेती है ?

24. " मैं अपने भाग्य का निर्माता स्वयं हूँ " नेपोलियन ने ऐसा क्यों कहा ?

25. स्काउट के जन्मदाता बेडेन पॉवेल का परिचय दीजिए।

26. रैदास ने सेठ को सुपारी देते समय कैसी शर्त रखी ?

27. मनुष्य अपनी क्षमताओं की कदर क्यों नहीं करता ?

V. निम्नलिखित लेखक और कवि का परिचय दीजिए। **2×3=6**

28. हरिशंकर परसाई।

29. रहीम।

VI. छंद पहचानकर लक्षण बताईए। **1×3=3**

30. दया धर्म का मूल है, पाप मूल अभिमान।

तुलसी दया न छांड़िए, जब लग घट में प्राण

VII. अलंकार पहचनकर लक्षण बताईए **1×3=3**

31. कनक कनक ते सौ गुनी, मादकता अधिकाय।

VIII. निम्नलिखित वाक्यांशों का संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए। **4×3=12**

32. " देखो , घोड़ा सबेरे के लिए जीन कसकर तैयार रहे।"

33. " मुझे पूरा विश्वास है यह प्रसिद्ध अकबरी लोटा है "

34. " कैसे इन्हें मालूम हुआ कि मैं यहाँ हूँ? आश्चर्य है!"

35. आओ हिय में भरे उमंगे, आओ नव निर्माण करें।

IX. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर चार - पॉच वाक्यों में लिखिए। **3×3=9**

36. अपने शब्दों में रुपए की महानता का वर्णन कीजिए।

37. शीला अग्रवाल ने मन्नू जी को साहित्य की ओर कैसे आकृष्ट किया ? विवरण दीजिए।

38. ' पिछड़ा आदमी ' – कविता आशय स्पष्ट कीजिए।

X. निम्नलिखित पद्यांश की पूर्ति कीजिए। **1×4=4**

39. पैदा कर _____

_____

_____

_____ _____ स्वजीवन सारा।

अथवा

जग में सुख_____ _____

_____

_____

_____को गले लगाना।

XI. निम्नलिखित पद्यांश का भावार्थ लिखिए। **1×4=4**

40. मुरझाए फूल में सुगंधि कौन ढूँढेगा ?
बच्चे में कौन खोट देखेगा ?
हे देव ! विश्वास को ठेस लगने पर
फिर से सद्‌गुण कौन परखेगा ?
हे प्रभु, जले पर कौन नमक छिड़केगा
सुनो, हे मल्लिकार्जुन
नदी पार करने के बाद मल्लाह को कौन पूछेगा ?

अथवा

अज्ञानियों से स्नेह करना
मानो पत्थर से चिनगारी निकालना है।
ज्ञानियों का संग करना,
मानो दही मथकर माखन पाना है
हे चन्नमल्लिकार्जुन प्रभु,
तुम्हारे भक्तों का संग करना
मानो कर्पूरगिरि की ज्योति को पाना है।

XII. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर आठ - दस वाक्यों में लिखिए। **2×4=8**

41. कर्नाटक कुलपुरोहित आलूर वेंकटराव जी के जन्म और शिक्षा विस्तार से बताइए।

अथवा

कर्नाटक एकीकरण में विद्यावर्धक संघ के योगदान का परिचय दीजिए।

42. पुरुषोत्तम के अब्राह्मण के साथ भोजन करने से पूरे परिवार पर कैसा असर पड़ सकता है ?

अथवा

पुरुषोत्तम विनायक की असलियत छिपाने के लिए कैसा निर्णय लेते हैं ?

XIII. गद्यांश पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **1×4=4**

(2+2)

43. भारत बहुधर्मीय देश है। अलग - अलग धर्मों के अलग - अलग रीति - रिवाज, आचार - विचार, पर्व - त्योहार होते हैं। जैसे दिवाली, दशहरा, गणेश चतुर्थी, मकर संक्रांति, क्रिसमस, ईस्टर, बैसाखी, विशु, ओणम, युगादि, रमजान, बकरीद, मुहर्रम आदि। सावन पूर्णिमा के अवसर के शुभ दिन पर सुंदर त्योहार 'रक्षा बंधन' का आगमन होता है। भारत में इस पवित्र त्योहार का विशेष महत्व है। यह वर्षा ऋतु का सूचक बनकर आता है। 'रक्षा बंधन' अर्थात रक्षा का बंधन। इन दो शब्दो में केवल भाई - बहन के पवित्र स्नेह का ही एक दूसरे के प्रति घनिष्ठता की भावना है। 'रक्षा बंधन' देश के कोने - कोने में मनाया जाता है। सारी बहनें इस त्योहार की साल भर प्रतीक्षा करती रहती है। वे अपने हाथों से भाइयों को राखी बॉंधकर मिठाई खिलाती है। इसी आनन्द और हॅंसी - खुशी के साथ यह त्योहार संपन्न होता है।

प्रश्न :

a) रक्षा बंधन त्योहार का महत्व बताइए ?

b) रक्षा बंधन त्योहार कैसे मनाया जाता है ?

XV. निम्नलिखित में से किसी एक विषय के बारे में पत्र लिखिए। **1×5=5**

44. अपने जन्म दिन के अवसर पर दो दिनों की छुट्टी के लिए प्रधानाध्यापक के नाम एक पत्र लिखिए।

अथवा

पढ़ाई की जानकारी देते हुए अपनी माताजी के नाम एक पारिवारिक पत्र लिखिए।

XV. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर बारह - पंद्रह वाक्यों में निबंध लिखिए। **1×5=5**

45. a) दूरदर्शन से हानि - लाभ

b) दीपावली।

****